





# हरे पेड़ों की कटाई हो गई और स्थानीय प्रशासन मूक दर्शक बना रहा

**महिदपुर।** यूं तो बारिश के पूर्व मप्र शासन की तरफ पौधारोपण का आयोजन वृहद स्तर पर किया जाता है। जिसमें सभी शासकीय और अशासकीय संस्थाओं को भी इसमें शामिल किया जाता है। इसके साथ ही इन पौधों को वृक्ष होने तक इनका संरक्षण करने की जवाबदारी भी ली जाती है। इस का उद्देश्य यह रहता है कि शहर सहित मप्र में हरियाली रहे और प्रकृति से हुई छेड़छाड़ में काफी हद तक सुधार किया जा सके। क्योंकि पेड़ों का महत्व और इनका संरक्षण क्यों किया जाए यह हमें भारत में आयी कोरोना जैसी बीमारी ने बता दिया। इसके बाद भी हरेभरे वृक्षों की सतत जारी इसका एक ताजा उदाहरण महिदपुर के समीप देखने को मिला जहां सैकड़ों की संख्या में हरे वृक्षों को काट जमींदोज कर दिया गया और स्थानीय प्रशासन मूक दर्शक बनकर देखता रहा।

हम बात कर रहे हैं महिदपुर के समीप ग्राम भीमाखेड़ा की जहां पर जमीन मालिक ने बिना अनुमति के सैकड़ों वृक्षों की बलि दे दी और स्थानीय प्रशासन ने कार्रवाई तो दूर की बात देखना भी उचित नहीं समझा। यह कृत्य इंद्रजीत पिता चंद्रकुमार गावड़े निवासी गावड़े कॉलोनी भीमाखेड़ा ने किया है। स्थानीय प्रशासन से निवेदन है कि ऐसे कृत्य करने वाले पर कठोर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में जब भूमि मालिक से चर्चा की गई तो उन्होंने बड़ा अजीब सा जवाब इस प्रतिनिधि को दिया। उन्होंने बताया कि मेरी भूमि पर जो पेड़ थे वहां पर बंदर आकर परेशान करते थे। जिसके कारण आसपास के रहवासियों को काफी परेशानी होती थी। वहीं अनेक रहवासियों को तो हमेशा बंदरों से भय बना रहता था। इसके चलते मैंने यह हरे पेड़ कटवा दिए। बता दें कि इस मामले में ग्राम पंचायत भीमाखेड़ा में किसी प्रकार का पेड़ों की कटाई संबंधी आवेदन नहीं दिया गया। वहीं जहां तक बंदरों से परेशानी की बात है तो इस मामले में भी रहवासियों ने किसी प्रकार का कोई शिकायती आवेदन भी वन विभाग को नहीं दिया फिर किस बिना पर हरे पेड़ों की कटाई कर दी गई। मामले में ग्राम पंचायत को तुरंत कार्रवाई कर इस अपराध की एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए। लेकिन किसी भी सरपंच, सचिव, तहसीलदार यहां तक कि एसडीएम ने भी इतने पेड़ कट जाने के बाद भी कार्रवाई करना उचित नहीं समझा।

### इनका कहना

इस मामले में महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस का कहना है कि पेड़ कटना तो कानूनी अपराध है और जो भी दोषी हो उस पर कार्रवाई की जाना चाहिए। मेरे संज्ञान में मामला आया नहीं है आप मुझे साक्ष्य दो तो मैं कार्रवाई करवाऊंगा।

–दिनेश जैन बोस, विधायक महिदपुर विधानसभा

**यह मेरा क्षेत्र नहीं है**

आप अपनी शिकायत तहसीलदार, एसडीएम को करें। मेरे क्षेत्र में यह सब नहीं आता है। लकड़ी अगर कट जाए और ट्राली या ट्रक भरा तब हम कार्रवाई कर सकते हैं। दूसरी बात अगर निजी भूमि या फिर राजस्व की भूमि पर कटाई हो रही है तो हम इसमें कुछ नहीं कर सकते हैं।

मदनसिंह मोर्या रेंजर, तराना महिदपुर

## एक नजर में

### नपा विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाएं



**महिदपुर।** शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए नगरपालिका टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों जैसे नवीन बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, सिविल हॉस्पिटल, जमातखाना, चौक बाजार, घोड़ा पछाड़ आदि सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। साथ ही नगरपालिका हॉल में रैन बसेरा की व्यवस्था की गई है। जिसमें पर्याप्त मात्रा में बिस्तर एवं कंबल का इंतजाम करवाया गया। साथ ही नगरपालिका की टीम द्वारा रात्री में सार्वजनिक स्थानों पर सोने वालों व्यक्तियों को रैन बसेरे में भेजा जा रहा है।

### मप्र कुश्ती संघ अध्यक्ष का किया सम्मान




**उज्जैन।** मध्य प्रदेश कुश्ती संघ अध्यक्ष बनने पर मुख्यमंत्री के बड़े भाई नारायण यादव जी का आंजना परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उज्जैन मध्य प्रदेश कुश्ती संघ अध्यक्ष बनने पर आंजना परिवार ग्राम कुंवारिया की ओर से नारायण यादव का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रकाश यादव कोषाध्यक्ष एवं समाजसेवी एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रामेश्वर आंजना, मोहन आंजना आदि लोग उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत सत्कार किया, बाद भोजन प्रसादी ग्रहण की गई।

### प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक




**उज्जैन।** 5 जनवरी को प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन सावन भादो माता मंदिर, चामुण्डा माता मंदिर के पास वाले प्रांगण में एनएस राठौर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के प्रारंभ में एसोसिएशन के संरक्षक राठौर एवं जिलाध्यक्ष अशोक जैन द्वारा सभी सदस्यों को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। सर्वप्रथम नवीन सदस्य देवीप्रसाद शर्मा एवं अर्जुनसिंह चौहान का सदस्य बनने पर संभागीय अध्यक्ष दुबे एवं जिला अध्यक्ष अशोक जैन ने सम्मानित किया। संगठन मंत्री सुरेन्द्र कुमार गौड़ ने आय–व्यय का हिसाब बैठक में रखा गया। संभागीय अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष संभाग एवं जिले के समस्त पदाधिकारियों से समन्वय कर जिले एवं तहसील स्तर पर संगठन को बनाये यह निर्णय हुआ। आभार जगदीश कारपेंटर ने व्यक्त किया।

### साहित्य सम्मेलन में शामिल हुई अनामिका सखी मराठी साहित्य संस्था की सखियां



**उज्जैन।** 1 जनवरी से 4 जनवरी तक सतारा महाराष्ट्र में संपन्न हुए अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में उज्जैन की अनामिक सखी मराठी साहित्य संस्था की सखियां कवियत्री सरिता ढाकरे एवं सुनीता केलकर ने शिरकत कर अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। सम्मेलन में वरिष्ठ कवि, साहित्यकार सम्मिलित हुए।

### विधानसभा की जनता की सेवा ही मेरा लक्ष्य : महेश परमार



**माकड़ोन।** विधानसभा की जनता की सेवा करना ही मेरा लक्ष्य है। विधायक महेश परमार ने नगर के मालवीय समाज धर्मशाला के टीन शेड लोकार्पण कार्यक्रम में उक्त बात कही। विधायक महेश परमार के द्वारा नगर में विधायक निधि के लाखों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गंगा सिंह चौहान, चन्द्रपाल सिंह डाबड़ा, कप्तान सिंह पंवार, रामेश्वर नेता, विष्णु मालवीय आदि उपस्थित रहे। इस दौरान निहाल सिंह गुर्जर, मनीष शर्मा, कैलाश मालवीय, कमल जाल, दुर्गेश कटारिया, सहित सेंकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित थे।



## संघ शताब्दी वर्ष पर भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**माकड़ोन। नगर में संघ शताब्दी वर्ष में भव्य हिंदू समरसता सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ विशाल चल समारोह के साथ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में माता बहिनों पुरुषों बच्चों ने भाग लिया।**

सरस्वती शिशु मंदिर संस्था प्राचार्य अरुण कुमार शर्मा एवं सचिव जयप्रकाश सरिया के निर्देशन में संचालित शोभायात्रा में भगवान श्री राम लक्ष्मण शबरी और ऋषि विश्वामित्र अपने रथ से नगर के प्रमुख मार्गो से होकर धर्म सभा स्थल पर पहुंचे। जहां उनका मंगल तिलक कर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत सम्मान हुआ।

कार्यक्रम में पधारी मुख्य वक्ता साध्वी दीदी हेमलता सरकार ने समस्त हिंदू समाज को संगठित होने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में समरसता भोज का आयोजन हुआ। जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।

कार्यक्रम में विपिन आर्य, खुशबू पांचाल, मंगल बढ़िया उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन कैलाश गामी ने किया एवं संपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी मीडिया सूचना प्रभारी आचार्य देवनारायण प्रजापति ने दी।

## संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन



**नागदा।** पोरवाल समाज महिला मंडल द्वारा भव्य संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन शनिवार रात्रि 8 बजे से श्री बद्री विशाल मंदिर में किया गया। प्रारंभ हुए इस आयोजन में महिला मंडल की सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में सुभाष बस्ती के श्रद्धालु उपस्थित रहे। महिला मंडल की श्रीमति आशा जी पोरवाल ने बताया कि महिला मंडल द्वारा प्रति सप्ताह सुंदरकांड का आयोजन किया जाता है, इसी क्रम में पौष पूर्णिमा शनिवार को विशेष सुंदरकांड आयोजित किया गया। इस अवसर पर आगामी 12 जनवरी को आयोजित होने वाले वृहद हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने हेतु महिला मंडल एवं सुभाष बस्ती द्वारा क्षेत्र के समस्त स्थानीय रहवासियों एवं सनातन धर्मावलंबियों से सक्रिय सहभागिता और सहयोग का आव्हान किया गया। महिला मंडल ने सम्मेलन में पूर्ण सहभागिता का संकल्प लेते हुए सामाजिक व धार्मिक एकता का संदेश दिया। 12 जनवरी के हिंदू सम्मेलन की अगवानी के क्रम में मनोज सोनी, संदीप मेहता, निलेश मेहता एवं वर्षा मेहता विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन को सफल बनाने की श्रृंखला में सोमवार 5 जनवरी से प्रतिदिन प्रात: 6.30 बजे प्रभात फेरी शुरू की गई। इसके अतिरिक्त 8 जनवरी को दोपहर 3 बजे सुभाष बस्ती के रहवासियों को पीले चावल देकर सम्मेलन हेतु निमंत्रित किया जाएगा। आयोजकों ने सभी नागरिकों से सामाजिक समरसता हेतु एकजुट होकर आयोजित सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

## शा मा वि में छात्र– छात्राओं को शैक्षणिक पर्यटक भ्रमण के लिए ले जाया गया




**माकड़ोन।** कड़ोदिया संकुल अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय सालनाखेड़ी में कक्षा 6 से 8 तक के समस्त छात्र छात्राओं को शैक्षणिक पर्यटक भ्रमण के लिए ले जाया गया। जिसमे सर्वप्रथम बड़ी माता तुलजा भवानी, छोटी माता शीतला माता, भैरवनाथ बाबा, मंदिर देवास के दर्शन करके यात्रा को मंगलमई होने का शुभाशीष वरदान प्राप्त करके आगे की यात्रा कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय उद्यान इंदौर में विभिन्न प्रकार के प्राणियों को दिखाया गया। जिसको देखकर समस्त छात्र, छात्राओं में अतिउत्साह उमंगता और प्रसन्नता हुई। सालनाखेड़ी विद्यालय के प्रधानाध्यापक अर्जुन सोलंकी के द्वारा किया गया। विद्यालय के स्टॉफ में अतिथि शिक्षक जितेंद्र सिंह राजपूत, श्याम सिंह चौहान, रवि कुमार मालवीय और विशेष अतिथि संकुल प्राचार्य जगदीश कारपेंटर, जन शिक्षक कमलेश सोनी व भूपेंद्र कुमार भावसार के द्वारा समस्त विद्यार्थियों व स्टॉफ को यात्रा के लिए विदाई दी गयी। पर्यटक भ्रमण यात्रा सफल होने पर आभार प्रधानाध्यापक अर्जुन सोलंकी के द्वारा माना गया।



## कमलेश चांगल बेस्ट पोजर खिताब से नवाजे गए...

**उज्जैन।** राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश मुख्यालय उज्जैन के तत्वाधान में ग्वालियर जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन एवं जीवाजी क्लब द्वारा 3 लाख केश प्राइज चंबल श्री मिस्टर एमपी बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य ऐतिहासिक आयोजन किया गया। प्रेम सिंह यादव एवं जितेंद्र कुशवाहा ने बताया कि प्रदेश की 33 जिला इकाइयों के 250 से भी अधिक साधकों ने संगीत की धुन पर थिरकते हुए व्यायाम से जुड़ने का संदेश प्रदान किया। ग्वालियर में आयोजित स्पर्धा में उज्जैन को दो खिताब प्राप्त करने में सफलता अर्जित की। बेस्ट पोज़र का खिताब उज्जैन के कमलेश चांगल ने हासिल किया। मोस्ट इंप्रूवड बॉडी का खिताब उज्जैन के मोहम्मद शोएब ने जीता। स्पर्धा के निर्णायक, अतिन तिवारी, इंजीनियर गजेंद्र मेहता, अमित कनौजिया, उज्जैन आशीष टोंक, माज कुरैशी, गोविंद भोपाल, रेहान शेख देवास, मोहम्मद साजिद नीमच थे। संचालन शैलेंद्र व्यास ने किया। स्पर्धा के पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मनोज आचार्य इंजीनियर मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग थे। प्रदीप सिंह तोमर कहा कि युवा तरुणाई की मेहनत और पसीना ही भारत माता का पूजन अर्चन है।

## शिव महापुराण कथा की पूर्णाहुति



**घट्टिया।** सत्य व धर्म के मार्ग पर चलना ही शिव की आराधना है, शिव व शक्ति का स्वरूप जीवन की दशा व दिशा बदल देता है , हमारी संस्कृति, संस्कार कर्म प्रधान है हमें जीवन सभी के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। शिव पुराण कथा हमे जीवन के मर्म को समझाते हैं। उक्त उद्गार जगोटी घट्टिया मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित श्री शिव पुराण कथा की पूर्णाहुति पर कथाकार पं. प्रदीप संज्ञा ने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए। कथा की पूर्णाहुति कार्यक्रम में पहुंचे अखिलेश मिश्रा, सौभाग्य सिंह ठाकुर, भगवान सिंह पंवार, उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, ग्राम भारती प्रमुख राजपाल सिंह, जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी, महेश पांचाल, राहुल चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश काका गट्टानी ने कथाकार पंडित संज्ञा का शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। संचालन सुनील कुमार राठौर व आभार संयोजक उमेश गेहलोत ने व्यक्त किया।



## मां तुझे प्रणाम योजना में घट्टिया की चार युवतियों का चयन

**घट्टिया।** मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग की मां तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय सीमा जैसलमेर तारनोट माता मंदिर, जोधपुर किले के लिए विकासखंड घट्टिया की युवतियों का दिनांक 6 जनवरी से 8 जनवरी 2026 तक भ्रमण में चयन हुआ है ।

संध्या पिता राम गोपाल गामी झीतरखेड़ी, देवांशी पिता बलवीरसिंह पवार लखाहेड़ा, अंजली पिता गोविंदसिंह सिसोदिया तुलाहेड़ा, निकिता पिता कैलाश मालवीय धन्नाखेड़ी का चयन हुआ है । चयन पर विधायक डॉ. सतीश मालवीय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर सोलंकी, जनपद अध्यक्ष संगीता ईश्वर सिंह गुर्जर, जनपद उपाध्यक्ष डा भगवानसिंह पवार, ज्योति सुरेश मालवीय सरपंच निपानिया गोयल, लोकेन्द्रसिंह सरपंच तुलाहेड़ा, रायसिंह चौहान सरपंच धन्नाखेड़ी, संदीप पटेल सरपंच झीतरखेड़ी एवं गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी ।

## एक नजर

### पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

## नगर पालिका में भ्रष्टाचार और लापरवाही के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल



**बड़नगर।** नगर पालिका परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन नगर पालिका के शासकीय तारों को चोरी–छिपे भंगार की दुकान पर बेचने और इस मामले में दोषियों को बचाने के प्रयासों के विरोध में आयोजित किया गया।

**भ्रष्टाचार का मामला और पक्षपातपूर्ण कार्रवाई**–नगर पालिका के चार कर्मचारियों को नेता प्रतिपक्ष और पार्षदों ने शासकीय तारों को भंगार की दुकान पर बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। इस गंभीर मामले में प्रशासन द्वारा पक्षपात करते हुए चार के स्थान पर केवल दो कर्मचारियों पर ही कार्रवाई की गई। इस भेदभाव और दोषियों को संरक्षण देने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका परिसर में जमकर नारेबाजी की और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

नगर पालिका भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है। शासकीय संपत्ति की खुलेआम चोरी हो रही है और जब रंगे हाथों पकड़ा जाता है, तो असली दोषियों को बचाया जा रहा है। यदि 8 दिनों के भीतर सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाइ नहीं हुई और शहर की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। तो कांग्रेस पार्टी के बैनर तले नगर पालिका का घेराव कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### प्रशासन को घेरा और प्रमुख समस्याएं रखीं

विरोध प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या और सीएमओ मंशाराम निगवाल को मौके पर बुलाया गया। कांग्रेस नेताओं ने इंदौर के भगीरथपुरा में हुई हालिया दुखद घटना का हवाला देते हुए वाटर सप्लाई प्लांट का तत्काल निरीक्षण करने की मांग की। साथ ही निम्नलिखित समस्याओं पर चर्चा की गई। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से शहर अध्यक्ष रईस कुरैशी,नेता अजहरुद्दीन,पार्षद पति फकीर मोहम्मद,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र यादव, अनिल शर्मा,वासिफ काजी, नरेंद्र राठौड़ सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।